Seventeenth Loksabha

an>

Title : Regarding arrest of murderers of Sidhu Moose Wala

श्री रवनीत सिंह (लुधियाना): चेयरमैन साहब, आप बहुत अच्छी तरह से जानते हैं कि पंजाब में हमारे बहुत ही मशहूर नामवर सिंगर सिद्धू मूसेवाला को एक बड़ी गैंगवार में बहुत बुरी तरह पंजाब में मार दिया गया और कुछ ही दिन पहले राजस्थान में एक बहुत बड़ा शूटआउट हुआ है। आज पंजाब एक गैंगलैण्ड बनकर रह गया है। वहां पर रोजाना कत्ल हो रहे हैं और पंजाब में पहले जो टेररिज्म वाला माहौल था, उसे दोबारा लाया जा रहा है। मेरी आपसी गुजारिश है, क्योंकि सेंट्रल गवर्नमेंट की होम मिनिस्ट्री भी उसमें लगी हुई है और उनको मारने वाले लोग कनाडा, अमेरिका और पाकिस्तान में बैठे हैं। उसके ऊपर लुक आउट नोटिस भी जारी किया हुआ है। पंजाब पुलिस बहुत अच्छी है, लेकिन वहां की सरकार बिल्कुल फेल हो चुकी है। इसलिए सेंट्रल गवर्नमेंट को इसे अपने हाथ में लेना चाहिए, क्योंकि वे लोग बाहर के देशों से काम कर रहे हैं। उनके मां-बाप रोज तड़प रहे हैं, इतने बड़े नामवर सिंगर और उनके जैसे अनेक नौजवान मारे जा रहे हैं, उनको न्याय मिले। उनके मां-बाप कहीं यह तो सोच सकें कि हमारा बेटा चला गया और जिसने उसे मारा उसको सजा तो मिली।

इसलिए मैं आपके माध्यम से सेंट्रल गवर्नमेंट से गुज़ारिश करता हूं कि पंजाब में कत्ले-आम बंद हो और दोबारा जो टेररिज्म वाले हालात बने हैं, उन लोगों को ढूंढकर यहां सजा दिलवाई जाए, जिससे सिद्धू मूसेवाला जैसे परिवालों को आराम मिल सके और उनके मां-बाप को न्याय मिल सके।